अमर उजाला

## Ludhiana: 40 किलो नकली देसी घी... घर पर तैयार कर रहा था व्यक्ति, दो साल से आरोपी को ढूंढ रही थी पुलिस



पंजाब के लुधियाना में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नकली देसी घी पकड़ा है। सूखे दूध के साथ रिफाइंड ऑयल से तैयार कर किया जा रहा देसी घी मार्केट में भी बेचा जा रहा था। आरोपी व्यक्ति को सेहत विभाग की टीम ने काबू किया है। हैरानी की बात यह है कि आरोपी को दो साल पहले अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था और पुलिस से बच वह घर पर ही रह रहा था और वहीं से इस काले कारोबार को अंजाम दे रहा था। सेहत विभाग की टीम ने श्याम नगर स्थित व्यक्ति के घर छापामारी कर ड्रम में स्टोर किए गए 40 किलो नकदी देसी घी बरामद किया है। सेहत विभाग की टीम इस मामले में जांच करने में जुटी है।

Source: https://www.amarujala.com/punjab/ludhiana/crime/40-kg-of-fake-ghee-seized-in-ludhiana-accused-was-preparing-it-at-home-2025-10-06